उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार 01 श्रावण, शक संवत्, 1926
### ( दिनांक : 23 जुलाई, 2004 )

### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न ( देखिये नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न ( देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री प्रीतम सिंह पंवार सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव के नौगांव-गोडर पट्टी के केन्द्रीय स्थल ओडगांव में हाईस्कूल खुलवाने के संबंध में" श्री जयेन्द्र रावत एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में नाकुरी-सिंगोट-फलारचा-नन्दगांव-गंगाणी मोटर मार्ग निर्माण के संबंध में" श्रीमती रामप्यारी रावत एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव के मुलाणा मैदान के समीप यमुना नदी पर पैदल झूला पुल निर्माण कराये जाने के संबंध में" श्री नरेश रावत एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रीतम सिंह पंवार सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव के स्यानाचट्टी में हाईस्कूल खुलवाने के संबंध में" श्री जगदीश रावत एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...2/...

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कण्डारी के इण्टर स्तर तक उच्चीकरण के संबंध में" श्री भगवती प्रसाद एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. वित्तीय वर्ष, 2004-2005 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

15. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

16. जनपद टिहरी गढ़वाल के गंगी गांव के निकट ताली पंवाली कांठा में बज्रपात होने से भेड़-बकरियों की अकाल मृत्यु से भेड़ पालकों को हुए नुकसान के सम्बन्ध में श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2004 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

17. धारी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल हेतु नलकूप तथा पेयजल लाईन का कार्य प्रारम्भ न होने से सम्बन्ध में श्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2004 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 23 जुलाई, 2004**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

प्रथम सत्र, 2004
का प्रथम शुक्रवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 01 श्रावण, शक संवत्, 1926
( दिनांक : 23 जुलाई, 2004 )

## नत्थी 'क'

### अल्पसूचित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह पंवार
12-07-2004

**1. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003 में राज्य के 03 जनपदों उत्तरकाशी, टिहरी व पौड़ी गढ़वाल के लिये स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत टैक्सटाइल एवं फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई थी? यदि हाँ, तो क्या उक्त प्रशिक्षण संस्थानों ने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री मदन कौशिक
05-05-2004

*1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दवा विक्रेताओं की बढ़ती हुई संख्या की जाँच करने हेतु पर्याप्त संख्या में औषधि निरीक्षक नियुक्त हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई उपाय कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री प्रीतम सिंह पंवार
12-05-2004

*2. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के पर्यटन स्थल यथा पौड़ी धनौल्टी, नई टिहरी, फूलों की घाटी, पिथौरागढ़ व उत्तरकाशी के लिए एक पर्यटन विकास परियोजना तैयार कराने में एक करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय की गयी? यदि हाँ, तो उक्त परियोजना पर कार्य करवाये गये? परियोजना का सर्वेक्षण व प्रारूप तैयार कराने का औचित्य क्या था? क्या सरकार उक्त प्रकरण की जाँच करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
24-05-2004

*3. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि विविधीकरण योजना उत्तरांचल के किन-किन जिलों में है? इस योजना से किसानों को क्या-क्या लाभ मिल रहे हैं? क्या सरकार कृषि विविधीकरण योजना को उत्तरांचल के समस्त जिलों में प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

श्री प्रकाश पंत
27-05-2004

*4. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2004-2005 हेतु नई आबकारी नीति घोषित की जा चुकी है? यदि हाँ, तो उसके प्रमुख बिन्दु क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

श्री नारायण पाल
27-05-2004
श्री विशन सिंह चुफाल
29-06-2004
श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
10-06-2004

*5. क्या कृषि मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सूखे से हुई फसलों की क्षति का किसानों को मुआवज़ा दिये जाने की योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

तृतीय सोमवार के तारा0 08 में स्थाना0

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
02-06-2004

*6. क्या कृषि मंत्री को ज्ञात है कि जनपद हरिद्वार के जलप्लावन प्रभावित क्षेत्रों विकास खण्ड खानपुर एवं लक्सर में जल निकास हेतु खुदवाये गए नालों की क्षमता, वानस्पतिक खरपतवारों के द्वारा अत्याधिक बाधित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार खरपतवारों की पैदावार पर रोक लगाने के लिये गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त करके कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबन्स कपूर<br>03-06-2004<br>श्री प्रकाश पंत<br>17-06-2004 | *7. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 01.06.2004 को आंधी आने से देहरादून में आई.एस.बी.टी. का शेड़ संचालन प्रारम्भ होने के 48 धण्टे पहले ही ध्वस्त हो गया? यदि हाँ, तो क्या निर्माण कार्यों में लापरवाही हेतु दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | तृतीय सोमवार के तारा0 07 में स्थाना0 |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>30-04-2004 | 1. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नयी पर्यटन नीति के बाद गत वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई? क्या सरकार उत्तरांचल भ्रमण के लिए कोई पैकेज टूर दिल्ली, मुम्बई आदि स्थानों से शुरू करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>30-04-2004 | 2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वाराहाट, जनपद अल्मोड़ा में रेडियोलोजिस्ट का पद स्वीकृत है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त पद पर तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>30-04-2004 | 3. क्या परिवहन मंत्री भिज्ञ हैं कि रूद्रपुर के पास दिनांक 10 नवम्बर, 2003 को सड़क परिवहन निगम की रानीखेत से दिल्ली जाने वाली बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी? यदि हाँ, तो क्या गंभीर रूप से घायल यात्रियों को सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति/मुआवज़े का भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>05-05-2004 | 4. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार द्वारा उत्तरांचल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा चिकित्सक आवासों हेतु किराये पर लिये जाने वाले भवनों की दरें निश्चित की गई हैं? यदि हाँ, तो शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी दरें क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>06-05-2004 | 5. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश हेतु सरकार द्वारा कोई नीति लागू की गई है? क्या इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटें पूर्ण होने की स्थिति में कॉलेजों को रिक्त सीटें भर दिये जाने का अधिकार प्राप्त है? यदि हाँ, तो उसकी क्या प्रक्रिया है? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>06-05-2004<br>श्री अजय भट्ट<br>22-05-2004 | 6. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन नीति के तहत उत्तरांचल के चार धामों हेतु सरकार द्वारा यात्रियों को क्या-क्या सुविधायें प्रदान की गयी हैं? क्या सरकार इन सुविधाओं का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-05-2004 | 7. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पिछड़े ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु सरकार कोई प्रभावशाली कानून बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>13-05-2004 | 8. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का कार्य हरिद्वार तथा कोटद्वार से प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय मगंलवार के अता0 70 |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>13-05-2004 | 9. क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर महादेव मन्दिर परिसर के सौन्दर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग से कोई योजना स्वीकृत है? यदि हाँ, तो इसके लिए कितनी धनराशि है और कब स्वीकृत की गई है? क्या निर्माण कार्य इसी महीने प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14-05-2004 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में क्षय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है? यदि हाँ, तो इन रोगियों के निःशुल्क इलाज के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है? उक्त रोग के इलाज के लिए सभी अस्पतालों में निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14-05-2004 | 11. क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड-द्वारीखाल, यमकेश्वर व दुगड्डा के पर्वतीय क्षेत्र में कुल कितनी ए.एन.एम. नियुक्त हैं? क्या प्रत्येक ग्राम के बच्चों का समय पर टीकाकरण एवं विभाग द्वारा इसका निरीक्षण किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-05-2004 | 12. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में सामान्य शल्य चिकित्सा तथा फ्रैक्चर पर प्लास्टर आदि करवाने हेतु शुल्क लिया जा रहा है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गई है तथा लिये गये शुल्क की रसीद दी जाती है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-05-2004 | 13. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार देहरादून-मसूरी-नैनबाग ऐन्दी-बनचौरा-बड़ेथी-उत्तरकाशी मार्ग पर रोड़वेज़ बस चलाना प्रारम्भ करेगी? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17-05-2004 | 14. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी/उप जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी के वेतनमान में संशोधन करने पर सरकार कोई विचार करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्या सरकार समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने पर विचार करेगी? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17-05-2004 | 15. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु अलग सेल गठित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन, उपलब्ध कराने पर विचार करेगी? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>17-05-2004 | 16. | क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय चिकित्सालय द्वारीखाल का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा चिकित्सालय चलाने के लिए डाक्टरों तथा दवाईयों की समुचित व्यवस्था कर दी गई है? यदि हाँ, तो चिकित्सालय कब तक कार्य करना प्रारम्भ कर देगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>17-05-2004 | 17. | क्या परिवहन मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कांडाखाल-चैलूसैंण मारी एवं डांडामण्डी-द्वारीखाल मार्ग पर कोई बस सेवा नहीं चलाई जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इन दोनों मार्गों पर बस सेवा प्रारम्भ किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>17-05-2004 | 18. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तराई-भावर, जनपद उधमसिंह नगर व नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी-रामनगर से काठगोदाम मे परिवहन व्यवसाय का कार्य करने वाले ट्रक स्वामियों से सरकार तिमाही कितना परिवहन कर वसूल करती है? क्या सरकार इस टैक्स में छूट प्रदान किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18-05-2004 | 19. | क्या स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में है कि विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ जनपद उत्तरकाशी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वनचौरा का भवन भूकम्प से क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस भवन का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18-05-2004 | 20. | क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि स्थानीय दाईयों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पचास रूपया महीने का पारिश्रमिक दिया जाता है? यदि हाँ, तो जनपद पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल सर्किल की दायी को विगत छः वर्षो से पारिश्रमिक का भुगतान न किये जाने के क्या कारण हैं? | स्वास्थ्य |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>18-05-2004 | 21. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सड़क परिवहन निगम द्वारा कुमाऊँ मण्डल के द्वाराहाट-चौखुटिया-भिकियासैंण तथा भतरोंजखान होते हुए वाया-रामनगर देहरादून तक नियमित बस सेवा चलाये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त मोटर मार्ग में सड़क परिवहन निगम की बस सेवा कब से प्रारम्भ हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19-05-2004 | 22. क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 यमकेश्वर के ग्राम तिमली, गुम्याणी, धाईखाल, नैल आदि गाँवों एवं वि0ख0 द्वारीखाल के कौंदा, गूम, दावड़, अमोला आदि गाँवों के बच्चों के टीकाकरण हेतु कोई ए.एन.एम. नहीं है? क्या सरकार जनहित में इन दूर दराज़ गाँवों के लिए ए.एन.एम. की नियुक्ति सुनिश्चित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 20-05-2004 | 23. क्या पर्यटन मंत्री भिज्ञ हैं जनपद उत्तरकाशी में पर्यटन कार्यालय, उत्तरकाशी मुख्यालय से पाँच कि.मी. दूर मनेरा में स्थापित किया गया है तथा क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी का स्थानांतरण, निदेशालय देहरादून में किया गया है? क्या यह सत्य है कि पर्यटन सूचना केन्द्र के अभाव में पर्यटकों को असुविधा हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मनेरा से कार्यालय मुख्यालय में स्थापित किये जाने पर विचार करेगी तथा पूर्णकालिक क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी की भी तैनाती सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 20-05-2004 | 24. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में कितने उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व अन्य स्वास्थ्य केन्द्र हैं? क्या यह सत्य है कि 80 हजार की जनसंख्या में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार 1 लाख से ऊपर जनसंख्या वाले क्षेत्र यमकेश्वर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 20-05-2004 | 25. क्या आबकारी मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के डांडामंडी नामक स्थान में शराब की दुकान खोली गई है? क्या यह सत्य है कि डांडामंडी क्षेत्र की महिलाओं ने इस शराब की दुकान खोले जाने के विरूद्ध आन्दोलन किया? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा डांडामंडी में दुकान बन्द करने का निर्णय ले लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 21-05-2004 | 26. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा उनमें से कुल कितने प्रा0स्वा0 केन्द्रों पर चिकित्सक व नर्सें तैनात हैं? क्या ऐसे भी प्रा0स्वा0 केन्द्र हैं जो चिकित्सक व नर्स विहीन हैं? सरकार द्वारा इनमें कब तक चिकित्सक व नर्सों की तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 21-05-2004 | 27. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिपुरा जलाशय तहसील गदरपुर जिला उधमसिंह नगर को जल क्रीड़ा हेतु चयनित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उक्त स्थल को राज्य पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तसलीम अहमद<br>21-05-2004 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र दिनेशपुर में सर्जन व गायनोकोलोजिस्ट का पद सृजित किये जाने हेतु कोई मामला शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त पद सृजित हो जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22-05-2004 | 29. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में विशेष कार्याधिकारी साहसिक पर्यटन कार्यालय स्थापित था? यदि हाँ, तो वर्तमान में विशेष कार्याधिकारी साहसिक पर्यटन कौन है तथा इसका कार्यालय कहाँ पर स्थित है? यदि नहीं, तो उक्त कार्यालय कब तक पुनः स्थापित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अजय भट्ट<br>22-05-2004 | 30. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि केन्द्र सरकार द्वारा चारों धामों एवं उत्तरांचल के प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए कोई योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो उस योजना का नाम क्या है तथा आज तक इस योजना हेतु केन्द्र से कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? क्या सरकार इस दिशा में किये गये कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | पर्यटन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>24-05-2004 | 31. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह के गरीब बुक्सा व थारू जनजाति के शिक्षित बेरोज़गार युवक/युवतियों हेतु बेरोज़गारी भत्ता उपलब्ध कराये जाने की सरकार की कोई नीति है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>24-05-2004 | 32. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा सूखे से प्रभावित काश्तकारों को मुआवज़े की व्यवस्था की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-05-2004 | 33. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003-2004 में जनपद उत्तरकाशी में मृदा एवं जल सरंक्षण कार्यक्रम मद पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी तथा उक्त कार्यक्रम किन-किन विकासखण्डों के किन क्षेंत्रो में क्रियान्वयन किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-05-2004 | 34. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तीर्थ स्थल यमुनोत्री के विकास के लिये सरकार द्वारा कोई कार्य योजना स्वीकृत की गयी? यदि हाँ, तो उक्त योजना का प्रारूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बडथ्वाल<br>26-05-2004 | 35. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में गढ़वाल मण्डल विकास निगम जनपद पौड़ी गढ़वाल में कितने पर्यटक आवास गृह किन-किन स्थानों में बना रहा है? क्या विकास खण्ड द्वारीखाल के सिलोगी व चैलूसैण नामक स्थानों में भी पर्यटक आवास गृह प्रस्तावित हैं? यदि हाँ, तो इनका निर्माण कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बडथ्वाल<br>26-05-2004 | 36. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के अन्तर्गत पौड़ी व कोटद्वार में रोडवेज बस अडडों के निर्माण कार्य हेतु कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इन बस अडडों का निमार्ण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्रीमती विजय बडथ्वाल<br>26-05-2004 | 37. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल में कोई राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त संस्थान स्थापित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26-04-2004<br>श्रीमती आशा नौटियाल<br>22-06-2004 | 38. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ मन्दिर समिति में चार जिला पंचायतों टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली व पौड़ी से एक-एक सदस्य के निर्वाचन की कार्यवाही कर दी गयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद रूद्रप्रयाग से भी एक सदस्य को उक्त समिति में निर्वाचित किये जाने के की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम सोमवार के अता0 109 में स्थाना0 |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26-04-2004 | 39. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ मन्दिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है? यदि हाँ, तो अध्यक्ष पर होने वाले खर्चों का वहन किसके द्वारा किया जा रहा है? क्या सरकार उक्त पर हुए अब तक के खर्च के ब्योरे को सदन पर पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम सोमवार के अता0 110 में स्थाना0 |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>26-05-2004 | 40 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के कितने एलोपैथिक चिकित्सालयों में प्रश्न प्राप्ति की तिथि तक चिकित्सक नहीं है? क्या सरकार अविलम्ब इन चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>26-05-2004 | 41 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार नई पर्यटन नीति के तहत उत्तरांचल के चारधाम पदयात्रा के लिये पद यात्रियों की सुविधा हुत क्या-क्या सुविधायें उपलब्ध करा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चारधाम पदयात्रा के मुख्य केन्द्र स्थल बेलक, बूढ़ाकेदार, विनकखाल, हटकुणी, धुन्तु, पंवाली कांठा और भिजूगीनारायण पदयात्रा मार्गो पर चारधाम पदयात्रियों की सुविधा के लिये रैन बसेरा व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने पर विचार कर रही हैं? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 एपी0 मैखुरी<br>26–05–2004 | 42. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में महिला पौलिटेक्निक खोला जा रहा है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री गोविन्द लाल<br>27–05–2004 | 43. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि उत्तरांचल सरकार द्वारा आसाम राइफल्स के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को पूर्व सैनिकों की तरह सुविधा प्रदान की जा रही है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोमवार के अता0 50 में स्थाना0 |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27–05–2004 | 44. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी उत्तरकाशी द्वारा यमुनोत्री मार्ग पर स्थान बनास में नारद गंगा नदी पर तत्पकुण्ड के लिये आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण का आगणन पत्र सं0 414/आय–व्ययक/02–03 दि0 24.01.2003 के माध्यम से शासन की स्वीकृति को भेजा गया था? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>27–05–2004 | 45. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के किन–किन स्थानों को पर्यटन मानचित्र में लिया गया है? क्या सरकार देवरियाताल, बासुकीताल, चोपता, दुगलबिट्टा, कार्तिक स्वामी एवं खाम–मनणी जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थानों को भी पर्यटन मानचित्रों में आच्छादित किये जाने की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>27–05–2004 | 46. क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रसिद्ध तीर्थस्थान गौरीकुण्ड से केदारनाथ तक चलने वाले यात्रियों को ले जाने वाले घोड़े–खच्चरों की चिकित्सीय जांच हेतु किसी पशु चिकित्सक की नियुक्ति की गई है? यदि हाँ, तो अब तक कितने चिकित्सकों की तैनीती की जा चुकी है? यदि नहीं तो क्यों? | द्वितीय बुधवार के अता0 33 में स्थाना0 |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27–05–2004 | 47. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परिवहन निगम में बस कन्डक्टर, ड्राइवर व मोटर मैकेनिकों के कितने पद रिक्त हैं? क्या इन रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही चल रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27–05–2004<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29–05–2004 | 48. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नयी उद्योग नीति के तहत वर्ष 2003–2004 में लग रहे उद्योगों में प्रदेश के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक व प्रशिक्षित बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार देने की सरकार की कोई नीति है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा अब तक कितने बेरोज़गारों को रोज़गार दिया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27-05-2004 | 49. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में निजी कृषि कार्यों में काम के दौरान दुर्घटना के फलस्वरूप व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उसके परिजनों को सहायता दिये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसकी न्यूनतम और अधिकतम राशि कितनी है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री नारायण पाल<br>27-05-2004 | 50. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हल्द्वानी जिला नैनीताल संभागीय परिवहन कार्यालय को एक करोड़ रूपए स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक उक्त कार्यालय का कम्प्यूटरीकरण नहीं हुआ है? यदि हाँ, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>28-05-2004<br>श्री नारायण पाल<br>29-05-2004 | 51. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल परिवहन निगम में संविदा पर नियुक्त किये गये चालकों को सरकार नियमित किये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>28-05-2004 | 52. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर, उधमसिंह नगर, का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हाँ, तो अस्पताल में चिकित्सकीय कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री नारायण पाल<br>28-05-2004 | 53. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पर्यटक स्थलों के विस्तारीकरण किये जाने की कोई योजना सरकार द्वारा बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-05-2004 | 54. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में स्थित डोडीताल व नचिकेताताल के सौन्दर्यीकरण व विकास के लिये कोई योजना बनायी गयी हैं? यदि हाँ, तो उस पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रकाश पंत<br>29-05-2004 | 55. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ स्थित रई नामक स्थान पर झील निर्माण का कार्य प्रारम्भ किये जाने से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>29-05-2004 | 56. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल परिवहन विभाग की पुरानी व जीर्ण-क्षीर्ण बसों जिन के कारण दुर्घटनाओं की सम्भावना अधिक रहती है, को बदलने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31-05-2004 | 57. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कृषि विभाग के ढांचे का पुर्नगठन विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार विभाग का एकीकृत एक रेखीय न्याय पंचायत स्तरीय ढ़ाचा बनायेगी? यदि नही, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>31-05-2004 | 58. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ की निसनी, चमाली, बास्ते, रोडी-पाली, क्वीतड़, आगर क्षेत्र की जनता एलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने की मांग करतीं आ रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार संदर्भित स्थानों पर चिकित्सालय खोले जाने के संबंध में विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री नारायण पाल<br>31-05-2004<br>श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>10-06-2004<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11-06-2004 | 59. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली योजना के माध्यम से अब तक कितने बेरोजगार पात्र लाभान्वित हो चुके हैं और कितने बेरोजगारों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में लाभान्वित किए जाने की योजना है? | पर्यटन |
| श्री नारायण पाल<br>31-05-2004 | 60. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उधमसिंह नगर के ब्लाक सितारगंज में वर्तमान में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा इन केन्द्रों में कितने महिला और पुरूष चिकित्सक कार्यरत हैं? क्या सरकार इन स्वास्थ्य केन्द्रों के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र तैनाती करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री हरिदास<br>01-06-2004 | 61. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय आई0टी0आई0, हरिद्वार में प्रशिक्षण सत्र अगस्त, 2003 में प्रवेश के समय की गयी अनियमितताओं की प्रश्नकर्ता द्वारा जनवरी, 2004 में की गयी शिकायत की जांच करायी गयी? यदि हाँ, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री प्रकाश पंत<br>02-06-2004 | 62. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल विकास निगम के उपाध्यक्ष पद पर सरकार द्वारा प्रतिनिधि नामित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या इस संबंध में कुमायूँ मण्डल विकास निगम लि0 के मेमोरेन्डम एण्ड आर्टिकलस आफ एसोसिएशन की धारा 80(II) में संशोधन किया गया है? यदि हाँ, तो कब? | पर्यटन |
| श्री अजय भट्ट<br>02-06-2004 | 63. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि रानीखेत स्थित कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के 'मोनाल' नामक गेस्ट हाउस को रेलवे आरक्षण केन्द्र खोलने हेतु कुमाऊँ मण्डल विकास निगम द्वारा अपनी सहमति प्रदान कर दी गयी थी? यदि हाँ, तो आज तक रेलवे विभाग को उक्त गेस्ट हाउस न दिये जाने के क्या कारण हैं और कब तक उक्त गेस्ट हाउस रेल विभाग को दे दिया जायेगा? | पर्यटन |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>02-06-2004 | 64. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय-पंतनगर के स्टोर में उपलब्ध जीरो टिलेज सीड ड्रिलें तथा जीरो सीड प्लाण्टर्स उपकरणों की मरम्मत कराकर बीजाई हेतु उपयोग में लाया जाएगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>02-06-2004 | 65. क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार के खादर दो-आब क्षेत्र के दो विकास खण्डों- खानपुर एवं लक्सर के अधिक नमी वाले क्षेत्रों में अधिक उपज देने वाली फसलों के बीजों, कन्दों एवं जड़ों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की कृषि विभाग की कोई कार्य योजना है? यदि हाँ, तो उक्त कार्य योजना का स्वरूप क्या है? | कृषि |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-06-2004 | 66. क्या कृषि मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में आलू के विपणन के लिये सरकार कोई योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-06-2004 | 67. क्या कृषि मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के किन-किन जनपदों को बासमती जोन हेतु चयन किया गया है? क्या यह सत्य है कि सामान्य श्रेणी के चावल पर कृषकों को प्रति हैक्टेयर मुनाफा बासमती चावल की तुलना में अधिक है? यदि हाँ, तो क्या सरकार कृषकों को कोई सुविधा मुहैया कराये जाने पर विचार कर रही है? जिससे कि बासमती चावल की उपज बढ़ाई जा सके? | कृषि |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>02-06-2004 | 68. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र काशीपुर की ग्रामसभा ढकियाकलां के ग्राम ढकिया नं0 1 में चल रहे प्राथमिक केन्द्र के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा वर्तमान वर्ष में वित्तीय प्रावधान किया गया है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>03-06-2004 | 69. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने फार्मास्टिों के पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियाँ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-06-2004 | 70. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम के दैनिक भोगी कैन्टीन कर्मचारियों का सरकार नियमितीकरण किए जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03-06-2004 | 71. क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि जनपद नैनीताल व उधमसिंह नगर में ग्रामीण परिवार कल्याण परियोजना (सिप्सा) में कार्यरत लगभग 500 महिलायें बेरोजगार हो गई हैं? यदि हाँ, तो क्या इन बेरोजगार महिलाओं को सरकार अन्य परियोजनाओं मे समायोजित करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>03-06-2004 | 72. | क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि दि.27.02.04 की सायं नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग (जनपद नैनीताल) बल्दियाखान के पास परिवहन निगम (उत्तरांचल) की बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थीं? यदि हाँ, तो दुर्घटना में मारे गये लोगों व घायलों को समुचित मुआवजा दे दिया गया है? यदि हाँ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? क्या यह सत्य है कि परिवहन निगम की यह बस अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच करायेगी तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>03-06-2004 | 73. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल की झीलें नैनीताल, भीमताल, सातताल व नकुचियाताल के लिए राष्ट्रीय झील संरक्षण के अन्तर्गत मिली धनराशि के व्यय एवं कार्य की गुणवत्ता का अनुश्रवण शासन द्वारा किस एजेन्सी से एवं किस प्रकार कराया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों और अब इस संबंध में शासन क्या कार्यवाही करेगा? | **द्वितीय सोमवार के अता0 61 में स्थाना0** |
| श्री तसलीम अहमद<br>03-06-2004 | 74. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा बरसात में होने वाली बीमारियों के रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रबन्ध किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04-06-2004 | 75. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी के मल्ला गांव से सिल्ला-कुशकल्याण-सहस्त्रताल तक साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देगी तथा कुशकल्याण-सहस्त्रताल तक ट्रेकिंग रूट का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>04-06-2004 | 76. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के अन्तर्गत कुल कितनी दुर्घटनायें घटित हुई तथा कितने यात्रियों की मृत्यु हुई? क्या मंत्री जी यह भी बतलाने का कष्ट करेंगे कि इन दुर्घटनाओं का प्रतिशत विगत वर्ष की तुलना में क्या रहा? क्या सरकार इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>04-06-2004 | 77. | क्या आबकारी मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि 31 मार्च, 2004 को समाप्त हुए शराब के ठेकों की अवधि किस आधार पर बढ़ायी गयी? क्या यह सत्य है कि उक्त ठेके पूर्ववत ठेकेदारों को ही दिये गये? क्या मंत्री जी यह भी बतलाने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष ठेके की न्यूनतम राशि कितनी निर्धारित की गयी थी तथा वर्तमान सत्र, 2004-05 के लिए भी कोई न्यूनतम राशि निर्धारित की गयी है? यदि हाँ, तो कितनी? यदि नहीं, तो क्यों? | **आबकारी** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>04-06-2004 | 78. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने डाक्टर वर्तमान में संविदान्तर्गत नियुक्त हैं? क्या सरकार इन डाक्टरों को विनियमितीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>04-06-2004 | 79. क्या श्रम मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी एवं घाट में आई.टी.आई. खोलने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो दोनों विकास खण्डों में आई.टी.आई. कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>04-06-2004 | 80. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के नीलकंठ महादेव में सावन मेले में लगभग प्रतिवर्ष कितने कावड़ियें आते हैं? क्या सरकार ने इन यात्रियों की सुविधा के लिए कोई योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो इसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05-06-2004 | 81. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत हनुमानचट्टी-जानकीचट्टी मोटर मार्ग, सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन चलाने हेतु स्वीकृत किया गया है? यदि नहीं, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05-06-2004 | 82. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि उत्तरकाशी के नौगांव प्रखण्ड के गांव बनास से हर की दून तक पर्यटकों के लिए ट्रेकिंग रूट खुला है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रेकिंग रूट को सुदृढ़ कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05-06-2004 | 83. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग में इस वर्ष मई माह के प्रथम सप्ताह में हुई ओलावृष्टि के कारण गेहूँ की फसल तथा माल्टा, नींबू, नारंगी जैसे फलों को काफी नुकसान हुआ? क्या यह सत्य है कि इस क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम अखोड़ी, भणज, क्यांजा, किणझाली और दसज्यूला और ऊखीमठ तथा बसूकेदार के कृषकों को भारी नुकसान हुआ? क्या सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई कर दी गई है? यदि हाँ, तो कितने परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हुआ? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोमवार के अता0 52 में स्थाना0 |